an>

Title: Regarding vacancies in Commissions meant for welfare of SCs, STs and OBCs

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना): एससी, एसटी, पिछड़े वर्ग तथा समाज में वंचित लोगों के लिए सरकार ने उनकी समस्याएं और उनके विकास के लिए मदद करने हेतु अलग-अलग आयोग का गठन किया है, इन्हीं आयोगों का गठन समय रहते न किए जाने से लोगों की समस्याओं का निराकरण भी नहीं हो पा रहा है, जैसे एसटी आयोग में 3 सदस्य व राष्ट्रीय एससी आयोग में 1 सदस्य की रिक्ति लगभग डेढ़ वर्षो से लंबित है । इसी प्रकार राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सभी पद मार्च 2022 से खाली पड़े हैं । राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग में हमेशा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का पद 6 माह से 1 वर्ष तक रिक्त पड़े रहते हैं । सभी आयोगों का संबंध समाज में रह रहे दलित, एससी, एसटी और पिछड़े वर्ग के हितों से संबंधित है । यदि सरकार वास्तविक रूप से उक्त सभी के हितों का ध्यान रखना चाहती है तो इनसे संबंधित आयोग का गठन जिस प्रकार संसद भवन में समितियों का गठन समय समाप्त होने से पहले कर दिया जाता है उसी प्रकार समय रहते आयोग का भी गठन कर दिया जाए तो बेहतर होगा ।